एच0 एन0 सिंह संस्थान टारीमुस्तहकम

परगना व तहसील-जमानियाँ, जिला-गाजीपुर (उ0प्र0)

प्रबन्धक/मुख्य ट्रस्टी

पत्रांक गैर्मो   दिनांक : 27/08/2021

Resolution

प्रबन्ध समिति की कार्यवाही

आज दिनांक 27–08–2021 को एच0 एन0 सिंह संस्थान की बैठक प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक कक्ष में आहूत की गयी। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर प्रस्ताव लाया गया और उसपर निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव सं0 1– पिछली कार्यवाही की पुष्टि

निर्णय– पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनायी गयी जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

प्रस्ताव सं0 2– हरिनारायन सिंह फार्मेसी कालेज, टारी मुस्तहकम (ताड़ी घाट), जमानियां, गाजीपुर के नाम से डी0फार्मा पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु संस्था खोलने पर विचार।

निर्णय– ट्रस्ट की अध्यक्षता श्रीमती पल्लव यादव के द्वारा किया गया। श्रीमती पल्लव यादव द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि अत्यन्त पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र में डी0फार्मा पाठ्यक्रम खोलने की नितान्त आवश्यकता है। जिससे ग्रामीण छात्र/छात्राओं को उसका लाभ मिल सके। जिसको सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित कर दिया।

प्रस्ताव सं0 3– ट्रस्ट द्वारा डी0फार्मा पाठ्यक्रम के संचालन हेतु भूमि एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर विचार।

निर्णय– श्रीमती पल्लव यादव द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि ट्रस्ट द्वारा डी0फार्मा पाठ्यक्रम का संचालन किया जायेगा। ट्रस्ट की ग्राम व पोस्ट–टारी मुस्तहकम, परगना व तहसील–जमानियां, जनपद–गाजीपुर में स्थित गाटा सं0 585, 586, 636 का कुल रकबा 0.9420 हे0 फार्मेसी कालेज के स्थापना हेतु निर्धारित किया जाता है। निर्माण इत्यादि में होने वाले व्यय ट्रस्ट की आय से किया जायेगा। संस्था के संचालन में जो भी व्यय होगा उसका भार ट्रस्ट को अपने होने वाली आय से ही पूरा करना होगा। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने काफी देर तक महन मंत्रणा करने के उपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित कर दिया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक स्वर में उक्त पाठ्यक्रम के संचालन/मान्यता हेतु श्री सत्य प्रकाश सिंह यादव को अधिकृत किया कि वह जल्द से जल्द समस्त आवश्यक पत्राजातों को अपने हस्ताक्षर से सम्बन्धित विभाग में जमा करने एवं मान्यता सम्बन्धी कार्यों को पूर्ण करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी दे दी गयी है।

अन्य कोई प्रस्ताव न आने की दशा में प्रबन्ध समिति की कार्यवाही अगले प्रस्ताव आने तक समाप्ति की घोषणा की गयी।

अध्यक्ष
अध्यक्ष
एच0 एन0 सिंह संस्थान टारीमुस्तहकम
परगना व तहसील-जमानियाँ
जिला-गाजीपुर (उ0प्र0)

सचिव/प्रबन्धक
प्रबन्धक
एच0 एन0 सिंह संस्थान टारीमुस्तहकम
परगना व तहसील-जमानियाँ
जिला-गाजीपुर (उ0प्र0)